हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 9 अगस्त 2026
[देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा]

06 समस्याओं का मौके पर निराकरण, जर्जर...



09 मिशन दुग्ध शक्ति बदलेगा ग्रामीण महिलाओं...



डॉ. मुखर्जी की जयंती अवसर पर नवीन भाजपा कार्यालय परिसर में 125 फलदार पौधे लगाए

भाजपा राष्ट्र निर्माण के साथ-साथ समाज व पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करती है : देवड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर





भारतीय जनता पार्टी मंदसौर द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नवीन भाजपा कार्यालय परिसर में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया, पूर्व विधायक कैलाश चावला, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, मानसिंह माच्छोपुरिया, मदनलाल राठौर, भोपालसिंह सिसौदिया, निहालचंद मालवीय, अनिल कियावत, धीरज पाटीदार, शांतिलाल मालवीय, नगरपालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने 125 फलदार पौधों का रोपण किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव राष्ट्र निर्माण के साथ-साथ समाज और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करती रही है। पौधारोपण केवल एक पौधा लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उसके संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी को तन, मन, धन के साथ पर्यावरण एवं वन संरक्षण के लिये जन-जागरण का कार्य भी करते रहना चाहिये। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने सांसद, राज्यसभा सांसद एवं भाजपा जिलाध्यक्ष दीक्षित के साथ नवीन जिला भाजपा कार्यालय के निर्माण कार्य का अवलोकन भी किया तथा निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली।

सांसद सुधीर गुप्ता एवं राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा, एकता और जनकल्याण के लिए समर्पित रहा। उनकी 125वीं जयंती पर नवीन भाजपा कार्यालय परिसर में 125 फलदार पौधे लगाना उनके प्रति श्रद्धांजलि के साथ ही पर्यावरण संरक्षण का सार्थक संदेश भी है। उन्होंने कहा कि प्रकृति एवं पर्यावरण की रक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा समय-समय पर सेवा, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। इसी क्रम में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर 125 फलदार पौधे लगाए गए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं एवं आमजन से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण करने और लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में भाजपा वरिष्ठ नेता तेजपालसिंह शक्तावत, भाजपा जिला पदाधिकारीगण, शिवराजसिंह राणा, विजय सुराना, महेश जूनवाल, विनय दुबेला, गौरव अग्रवाल, जीवन शर्मा, सुनील जैन, प्रितेश चावला, आशीष गुप्ता, जगदीश गुर्जर, पुलकित पटवा, रानू भावसार, निलेश जैन, अंकित सोनी, धमेन्द्र श्रीवास्तव, प्रियंका गोस्वामी, राजेश नामदेव, विनोद डगवार, भेरूलाल सेन, निलेश जैन सहीत मंडल पदाधिकारीगण, सभापतिगण, पार्षदगण एवं कार्यकर्ता बंधु एवं मात्रशक्ति उपस्थित थे।

युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी, मौत



मंदसौर। जिले के नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के जग्गाखेड़ी गांव में शुक्रवार रात एक सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक जितेंद्र उर्फ अर्जुन जाट की मौत हो गई। वह अपनी बाइक से पेट्रोल भरवाकर घर लौट रहा था, तभी एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में अर्जुन को गंभीर चोटें आईं। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और अर्जुन को निजी वाहन से जिला अस्पताल मंदसौर ले गए। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। परिजनों ने बताया कि अर्जुन खेती का काम करता था। शुक्रवार शाम वह खेत से काम खत्म कर घर आया था। परिवार के साथ कुछ समय बिताने और खाना खाने के बाद वह रात में बाइक से पेट्रोल भरवाने के लिए निकला था। पेट्रोल भरवाकर वापस लौटते समय जग्गाखेड़ी क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। मृतक जितेंद्र उर्फ अर्जुन जाट जग्गाखेड़ी का निवासी था। वह दो बच्चों का पिता था, जिसमें एक करीब डेढ़ साल का बेटा और एक 4 साल की बेटी शामिल हैं। हादसे के बाद अर्जुन का शव जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

प्रभारी मंत्री आज सुसनेर में पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का करेंगे लोकार्पण



नलखेड़ा। आगर जिले के प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान 9 एवं 10 अगस्त को आगर-मालवा जिले के प्रवास पर रहेंगे। प्रभारी मंत्री रविवार को सुबह 11:30 बजे इंदौर से सुसनेर के लिए प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर 3 :30 बजे सुसनेर पहुंच कर स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। वे शाम 5 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के लोकार्पण समारोह में सम्मिलित होने के बाद आगर मालवा के लिए प्रस्थान कर सर्किट हाउस आगर पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा रात्रि विश्राम आगर-मालवा में करेंगे। प्रभारी मंत्री चौहान 10 अगस्त को सुबह 10 बजे स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होने के बाद दोपहर 12:30 बजे आगर-मालवा से रतलाम के लिए प्रस्थान करेंगे।

हर घर तिरंगा अभियान के उद्देश्य व आगामी गतिविधियों की जानकारी दी

मंदसौर। शासकीय कन्या महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ. सुधीर रायजादा ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा अभियान 2026 का आयोजन 9 अगस्त से 17 अगस्त 2026 तक किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय कन्या महाविद्यालय, मन्दसौर में अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है

प्राध्यापकों ने कक्षा समय में छात्राओं को हर घर तिरंगा अभियान के उद्देश्य एवं आगामी गतिविधियों की जानकारी दी। छात्राओं को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने तथा अभियान में सक्रिय सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों जैसे तिरंगा सेल्फी/छायाचित्र, तिरंगा सजावट, देशभक्ति संबंधी कार्यक्रम एवं अन्य गतिविधियों में सहभागिता के लिए छात्राओं को अवगत कराया गया। तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर पोर्टल पर अपलोड करने के लिए भी छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया।

इस दौरान छात्राओं को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान एवं गरिमा बनाए रखने के संबंध में भी जानकारी दी। उन्हें बताया कि तिरंगे को सदैव सम्मानपूर्वक फहराया जाए, उसे जमीन अथवा फर्श को स्पर्श न करने दिया जाए तथा राष्ट्रीय ध्वज को किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त या अपमानित न किया जाए। साथ ही ध्वजारोहण व राष्ट्रगान के दौरान अनुशासन एवं सम्मानजनक व्यवहार बनाए रखने के लिए भी जागरूक किया गया। हर घर तिरंगा अभियान के संयोजक डॉ. अखलाक मंसूरी ने छात्राओं से अपील की कि वे 9 से 17 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान में उत्साहपूर्वक सहभागिता करें तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करते हुए अभियान को जन-जन तक पहुँचाने में अपनी भूमिका निभाएं। इस अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के संयोजक डॉ. अखलाक मंसूरी, डॉ. अनुराग आर्य, डॉ. दीपक परमार, मनीष पांचाल, बलवीर सिंह, डॉ. आरिफ पठान एवं डॉ. रमेश वास्केल उपस्थित रहे।



शामगढ़ नगर परिषद ने खतरनाक सांड को पकड़ा

शामगढ़। नगर और नगर के वासियों की सुरक्षा को पहली प्राथमिकता देते हुए नगर परिषद शामगढ़ ने एक बार फिर मुस्तैदी दिखाई है। कुछ दिनों से नगर में आतंक का पर्याय बने एक खतरनाक सांड को नगर परिषद के कर्मचारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पकड़ लिया है। पकड़े गए सांड को नगर से दूर सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है, जिससे स्थानीय नागरिकों और राहगीरों ने राहत की सांस ली है। मामले को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि शहरवासियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सड़कों पर घूम रहे खतरनाक और हिंसक आवारा पशुओं के खिलाफ यह मुहिम लगातार जारी रहेगी। परिषद की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की नगरवासियों द्वारा काफी सराहना की जा रही है। नगर परिषद के जांबाज कर्मचारी बधाई के पात्र हैं बिना संसाधनों के शक्तिशाली सांड को पकड़ना को पकड़ना बहुत ही मुश्किल कार्य है।

'शरीर की नहीं, आत्मा के कल्याण की चिंता करो'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर



मानव शरीर नश्वर है शरीर का स्वभाव परिवर्तनशील है इस शरीर की हम कितनी ही चिंता कर लें आखिरकार इसे चिता में ही जाना है। मनुष्य भव बहुत पुण्य उदय से मिला है। इस भव को हमें शरीर की चिंता में नहीं आत्मा के कल्याण में लगाना होगा तभी हम मोक्षगति प्राप्त कर पायेंगे और हमारा जन्म सफल होगा।

उक्त उद्गार जैन संत विरल विजयजी म.सा. ने आराधना भवन नई आबादी में आयोजित धर्मसभा में कहे। आपने शनिवार को यहा धर्मसभा में कहा कि जो शरीर हमारा हष्ट पुष्ट दिखायी दे रहा है वह कभी भी रोग से ग्रसित हो सकता है इसलिये शरीर की अधिक चिन्ता करने की बजाय आपने आत्मा के कल्याण का प्रयास करो। आपने कहा कि शरीर नश्वर है हमारी आत्मा ने कई जन्मो में शरीर बदले हैं यह जन्म प्राप्त करने के बाद हमें मनुष्य भव मिला है हम इस मनुष्य भव में मोक्षगति पाने का प्रयास करें। भौतिक सुख सुविधाओं, लोभ, क्रोध, काम वासना में इस जीवन को नष्ट नही करे मनुष्य भव में शरीर के प्रति आसक्ति छोडे तथा परमात्मा से नाता जोड़ने का प्रयास करे। भोग वासना ऐसी प्यास है जितने भोगोगे उतनी बढेगी। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाये उपस्थित थे।

रविवार को दोपहर 12.39 बजे से 3 बजे तक नईआबादी स्थित आराधना भवन में सिद्धचक्र महापूजा का आयोजन राजेन्द्र कुमार अंकित कुमार दक परिवार द्वारा होने जा रहा है। श्री संघ से जुड़े परिवारों एवं सभी श्रावक श्राविकाओं से आग्रह है कि पूजा में शामिल हों।

जिला स्तरीय युवा संगम रोजगार मेले में 280 पंजीयन, 113 का चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना के मार्गदर्शन एवं प्रमुख सचिव श्रम रघुराज राजेंद्रन की उपस्थिति में शुक्रवार को ग्राम पंचायत तनोडिया में जिला स्तरीय युवा संगम कार्यक्रम के तहत रोजगार मेला आयोजित किया गया। मेले में 280 युवाओं ने पंजीयन कराया। इनमें से 113 शिक्षित बेरोजगारों का प्रारंभिक चयन किया गया।

स्वरोजगार योजनाओं के तहत 63 हितग्राहियों को 52.03 लाख रुपये के स्वीकृति



पत्र वितरित किए गए। मेले में लेनोवो, टीमलीज, सहित 15 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने साक्षात्कार लिए। 87 विद्यार्थियों की कैरियर काउंसलिंग एवं 30 आवेदकों का प्रशिक्षण के लिए चयन भी किया गया।

नंदावता में शाला प्रबंधन समिति के चुनाव संपन्न



नंदावता। शासकीय उ.मा. विद्यालय नंदावता में शाला प्रबंधन समिति के चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए। बैठक की अध्यक्षता सरपंच शंकर लाल मालवीय ने की, जिसमें अध्यक्ष पवन सिंह आंजना , उपाध्यक्ष गीता उमेश पालीवाल सर्व सम्मति से चुने गए। इस अवसर पर पूर्व छात्र बालेश्वर गेहलोत, वर्तमान विद्यार्थी दिव्यांशी लश्कर , वरिष्ठ शिक्षक राम रतन कुमावत, विषय शिक्षक हीरालाल मालवी सदस्य अंम्बालाल धनगर, टिना बाई शर्मा, रीना बाई यादव, रमेश सूर्यवंशी, सुगन बाई, पुष्पेंद्र सिंह, श्रीमती गोविंद कुंवर, पार्वती बाई बाबूलाल, बसंती लाल, कृष्णा बाई समरथ आदि पालक उपस्थित रहे। साथ ही भवन निर्माण समिति एवं शैक्षणिक समिति का गठन भी हुआ। विषय की प्रस्तावना एवं संचालन प्राचार्य वजे राम बामनिया ने किया। इस अवसर पर स्टॉफ के सदस्य उपस्थित थे।

जैन श्वेतांबर समाज में चल रही विभिन्न धार्मिक गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में इस वर्ष राजगुणा श्रीजी म.सा आदि ठाणा 4 का चातुर्मास चल रहा है। चातुर्मास के दौरान समाज में विभिन्न धार्मिक गतिविधियां आयोजित की जा रही है। साध्वी मंडल की पावन प्रेरणा एवं निश्रा में प्रत्येक रविवार को धार्मिक बाल शिविर का आयोजन समाज द्वारा किया जा रहा है। इसमें 5 वर्ष से लगाकर 12 वर्ष तक के बच्चों द्वारा भाग लिया जा रहा है। जिन्हें साध्वी मंडल द्वारा जैन धर्म संबंधी विशेष जानकारी शिविर के माध्यम से प्रदान की जा रही है।

2 अगस्त को प्रथम शिविर आयोजित किया गया था। द्वितीय शिविर 9 अगस्त को जैन आराधना भवन में दोपहर 2.30 से 4 बजे तक आयोजित किया गया है। जिसके लाभार्थी पारस बेन प्रेमचंदजी तिलगोता परिवार रहेगा। रविवार से ही समाज के सभी श्रावक भाइयों के लिए प्रातः 8 से 9 बजे तक जैन उपाश्रय हनुमान मंडी पर सामयिक प्रारंभ की गई है। जिसमें बड़ी संख्या में समाज जनों के साथ युवा वर्ग द्वारा भाग लिया गया।

साध्वी मंडल की पावन निश्रा में घर घर मंगल हर घर मंगल की कामना के साथ आयंबिल की लड़ी प्रारंभ की गई है। सम्मेद शिखरजी पर मोक्ष प्राप्त करने वाले 20 तीर्थंकर भगवानों के निमित्त 6 अगस्त से तप प्रारंभ किया गया है। यह तप 40 दिनों तक चलेगा जिसमें एक दिन उपवास तथा एक दिन बीयासना रखा गया है।

9 से 17 अगस्त तक मनाया जाएगा हर घर तिरंगा अभियान

नलखेड़ा। भारत सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत वर्ष 2022 में प्रारंभ किए गए हर घर तिरंगा' अभियान को इस वर्ष 9 अगस्त से 17 अगस्त 2026 तक पूरे देश में बड़े स्तर पर मनाया जाएगा। भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार इस बार अभियान को राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य के साथ जोड़ा गया है। अभियान अवधि में सभी भौतिक एवं डिजिटल कार्यक्रमों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने/प्रदर्शित करने के साथ 'वंदे मातरम' गायन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। नागरिक वेबसाइट पर 'सेल्फी विद तिरंगा' अपलोड कर सकेंगे, जिसमें अपलोड की गई तस्वीर के साथ स्वतः 'वंदे मातरम' के बोल प्रदर्शित होंगे। जिला प्रशासन ने अपील की है कि सभी विभाग, जिला प्रशासन, नगरीय निकाय, पंचायतीराज संस्थाएं एवं शिक्षण संस्थाएं अभियान में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करें। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु नोडल अधिकारी नामांकित किए जाएंगे।

उप मुख्यमंत्री ने 37 लाख लागत के पंचायत भवन का लोकार्पण किया

'मध्य प्रदेश बना है विकास के क्षेत्र में अग्रणी राज्य'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर





प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने शनिवार को मंदसौर जिले के ग्राम खेर खेड़ा में 37 लाख रुपए लागत से निर्मित अटल ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मध्य प्रदेश विकास के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में सम्मिलित है प्रदेश का तेजी से विकास हो रहा है। इस दौरान राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित, मदन लाल राठौर तथा अन्य जनप्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान संचालित किया जा रहा है आमजन की जो भी शिकायत है या समस्याएं होंगी उनका समाधान सुनिश्चित किया गया है अभियान में आयोजित शिविरों के दौरान जो भी आवेदन आएंगे उनका समय सीमा में निराकरण किया जाएगा। जिम्मेदारी से शासन प्रशासन द्वारा कार्य किया जाएगा विकास का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाकर गांव-गांव आपस में जोड़ दिए गए हैं। पहले जहां किसी स्थान से अन्य स्थान जाने में 5 घंटे लगते थे अब मात्र 2 घंटे में पहुंच जाते हैं। राज्य शासन द्वारा पेयजल बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। वही आयुष्मान कार्ड बनाकर लोगों के निःशुल्क उपचार का प्रबंध किया गया है। उप मुख्यमंत्री ने मल्हारगढ़ क्षेत्र में विकास कार्यों की जानकारी में बताया कि क्षेत्र के गांव-गांव सड़कों से जोड़ दिए गए हैं गांधी सागर बांध का पानी हर खेत तक पहुंचेगा।

राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने अपने संबोधन में कहां की प्रदेश में प्रत्येक क्षेत्र में विकास किया जा रहा है। प्रदेश विकास के क्षेत्र में अग्रणी है गेहूं उत्पादन में प्रदेश देश में अव्वल है हर खेत को पानी मिल रहा है हर घर नल से जल मिल रहा है किसानों की आय को दुगना करने का कार्य किया जा रहा है किसान हित सर्वोपरि है।

खबर संक्षेप

ऑपरेशन हवालात तहत दो स्थाई वारंटी गिरफ्तार



चापडा। ऑपरेशन हवालात के तहत चल रहे अभियान अंतर्गत वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना कमलापुर पुलिस टीम द्वारा रात्रि कांबिग गश्त में थाना प्रभारी सर्जनसिंह मीना के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए वर्षों से फरार दो स्थाई गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय बागली पेश किया गया जहां से वारंटियों को जेल भेज दिया गया है। आरोपी न्यायालय बागली द्वारा जारी स्थाई वारंट के आरोपी सुरसिंह पिता खुमसिंह भिलाला उम्र 45 साल निवासी ग्राम भमोरी, दरबार उर्फ डब्बू पिता भादर सिंह बंजारा उम्र 35 साल निवासी ग्राम महूड़िया थाना कमलापुर को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सर्जनसिंह मीणा, प्र.आर.भगवती प्रसाद खरे, योगेश यादव, सत्य प्रकाश मिश्रा,अरुण आर्य, रायचंद, अर्जुन सिंह, आर. अरुण वर्मा, जीवन मालवीय, दिलीप सोलंकी, लोकेश मेहरा, सैनिक रविंद्र मालवीय, विष्णु प्रसाद सोनी एवं किशोर मालवीय का रहा।

शक्ति माता मंदिर प्रांगण में किया गया पौधरोपण



भौरासा। नगर परिषद भौरासा अंतर्गत शक्ति माता मंदिर पर एक पौधा मां के नाम - हरित महा अभियान वर्ष 2026-27 अंतर्गत पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया। जहां पर नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग के जिला परियोजना अधिकारी, बाबा भंवरनाथ मंडल अध्यक्ष अनिल चावड़ा, मंडल महामंत्री राम चरण धाकड़,मंडल महामंत्री कैलाश यादव,नगर परिषद अध्यक्ष संजय कुमार जोशी, नगर परिषद उपाध्यक्ष जयसिंह राणा,नगर परिषद सीएमओ प्रमिला ठाकुर, पार्षद राजेंद्र यादव, एल्डरमैन मुकेश कुमावत, राजेश लोधी व जयश्री शर्मा द्वारा पौधा रोपण किया गया। पूरे नगर में 2000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है, जिसके अंतर्गत प्रतिदिन नगर में पौधे लगाए जा रहे हैं।

कांवड़ यात्रियों का किया स्वागत



भौरासा। भूपेन्द्र सेंधव बिट्टू द्वारा देवांचल धाम (देव बल्डा) से उज्जैन तक निकाली जा रही कांवड़ यात्रा का भौरासा मंडल महामंत्री रामचरण धाकड़ के नेतृत्व में नेवरी फाटा क्रॉसिंग राम रसोड़े पर कांवड़ यात्रियों का स्वागत किया गया। देवांचल धाम से निकल जा रही इस कांवड़ यात्रा में लगभग 100 लोग शामिल हैं। इस अवसर पर एल्डरमैन मुकेश कुमावत,अश्विन जायसवाल,राहुल मूंदड़ा, नकुल अग्रवाल सहित आदि लोग मौजूद रहे।

गंधर्वपुरी में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर में 216 आवेदन हुए प्राप्त

समस्याओं का मौके पर निराकरण, जर्जर मांगलिक भवन पर कलेक्टर दिखे सख्त

डिलीवरी सहायता राशि नहीं मिलने पर स्वास्थ्य विभाग को फटकार, किसानों ने फसल बीमा, सड़क और अपूर्ण तालाब सहित वर्षों पुरानी समस्याएं उठाईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान तहत जिले का पहला जन विश्वास शिविर शुक्रवार को गंधर्वपुरी में आयोजित किया गया। शिविर में प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला बाई अटारिया, मंडल अध्यक्ष विजेन्द्र सिंह मनासा हरेंद्र सिंह पिलवानी, मदन सिंह धाकड़,प्रमुख सचिव राजस्व डॉ. ई. रमेश कुमार, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के आयुक्त डॉ. सत्येंद्र सिंह, कलेक्टर ऋतुराज सिंह, एसपी पुनीत गहलोत , एसडीएम आनंद मालवीया,तहसीलदार नेहा शाह, सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया। शिविर में 216 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें सबसे अधिक पंचायत विभाग के 100 तथा राजस्व विभाग के 72 आवेदन शामिल रहे। इसके अलावा स्वास्थ्य, शिक्षा, वन, महिला एवं बाल विकास, पुलिस, विद्युत, बैंक, नगर परिषद एवं खाद्य विभाग से जुड़े आवेदन भी प्राप्त हुए। जिन मामलों का मौके पर समाधान संभव नहीं था, उन्हें सीएम हेल्पलाइन एवं संबंधित विभागों को समय-सीमा में निराकरण के लिए भेजा गया।

जर्जर मांगलिक भवन पर कलेक्टर नाराज

शिविर के दौरान वर्ष 2017 में लगभग 22 लाख रुपये की लागत से बने मांगलिक भवन का मामला भी सामने आया। भवन आज तक पंचायत को हैंडओवर नहीं किया गया है और उसकी हालत जर्जर हो चुकी है। छत से पानी टपक रहा है, फर्श उखड़ चुका है और दीवारों का प्लास्टर झड़ रहा है। इस पर कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने नाराजगी जताते हुए संबंधित निर्माण एजेंसी से तत्काल निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

दो साल से लंबित डिलीवरी सहायता राशि

एक महिला ने प्रसव के बाद मिलने वाली डिलीवरी सहायता राशि दो वर्ष से नहीं मिलने की शिकायत की। इस पर कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए तत्काल भुगतान एवं प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

फसल बीमा राशि दिलाने की मांग

शिविर में ग्राम कुमरिया बनवीर एवं देहरियापेट के किसानों ने वर्ष 2024-25 की खरीफ सीजन की सोयाबीन फसल की लंबित बीमा राशि दिलाने के लिए सामूहिक आवेदन सौंपा। किसानों ने बताया कि आसपास के गांवों के किसानों को बीमा राशि मिल चुकी है, लेकिन उनके गांव के किसान अब भी भुगतान से वंचित हैं। इससे किसान आर्थिक संकट और कर्ज के बोझ से परेशान हैं। उन्होंने शीघ्र बीमा राशि का भुगतान कराने की मांग की।

कच्चा रास्ता खुलवाने की मांग

ग्राम गडखुजुरिया के किसानों ने वर्ष 2023 से लंबित कच्चे सड़क मार्ग को पुनः खुलवाने का आवेदन दिया। किसानों ने बताया कि नाले के बहाव, रास्ता कट जाने और कुछ स्थानों पर अवरोध खड़े कर दिए जाने से खेतों तक ट्रैक्टर, कृषि उपकरण और अन्य वाहन नहीं पहुंच पा रहे हैं। उन्होंने लगभग 15 फीट चौड़ा रास्ता खुलवाने की मांग की, जिससे किसानों को आवागमन में राहत मिल सके। ग्राम पंचायत गढ़खजूरिया ने वर्षों से अधूरे पड़े तालाब निर्माण कार्य को पूर्ण कराने के लिए जिला प्रशासन को आवेदन सौंपा। पंचायत ने बताया कि वर्ष 2001 में जनभागीदारी के माध्यम से तालाब निर्माण कार्य शुरू किया गया था, लेकिन लगभग 60 प्रतिशत कार्य होने के बाद निर्माण अधूरा रह गया।

स्वास्थ्य और अन्य समस्याएं भी उठीं

ग्रामीणों ने भूमि रिकॉर्ड एवं भू-नक्शों में त्रुटियां सुधारने, गांव



में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर करने, उपस्वास्थ्य केंद्र को गांव के भीतर संचालित करने, बिजली व्यवस्था सुधारने, ट्रांसफार्मर स्थानांतरित करने, सड़क मरम्मत, स्वच्छता और जल निकासी जैसी समस्याओं से जुड़े आवेदन भी दिए। किसानों ने भूमि अभिलेखों और वास्तविक कब्जे में अंतर दूर करने की मांग भी उठाई।

दिए त्वरित समाधान के निर्देश

राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। विधायक डॉ. राजेश सोनकर ने कहा कि जिन समस्याओं का समाधान शिविर में नहीं हो सका, उनका प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभागों के माध्यम से शीघ्र निराकरण कराया जाएगा। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंच सके।

एमजी रोड के निर्माण कार्यों के औचक निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने बरती सख्ती

समय सीमा में काम पूरा करने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने शुक्रवार को एमजी रोड पर चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क, नाला, सीवरेज, पेयजल पाइपलाइन, गैस पाइपलाइन एवं अंडरग्राउंड इलेक्ट्रिक लाइन के कार्यों की प्रगति देखी और संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों को निर्धारित समय सीमा में काम पूरा करने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने जनता बैंक से सयाजी गेट तक दोनों ओर चल रहे नाला निर्माण, सीवरेज मेन लाइन डालने तथा हाउस चेंबर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। हाउस चेंबर का काम धीमी गति से मिलने पर उन्होंने संबंधित ठेकेदार को कार्य में तेजी लाने और निर्धारित समय में काम पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीवरेज एवं अन्य कार्यों को आवश्यकता अनुसार राउंड द क्लॉक चलाने के लिए भी कहा।

एमजी रोड पर डाली जा रही गेल गैस पाइपलाइन के कार्य को लेकर संबंधित कंपनी को सुभाष चौक से सयाजी गेट तक काम शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। वहीं अंडरग्राउंड इलेक्ट्रिक लाइन के कार्य की समीक्षा करते हुए सुभाष चौक से नावेल्टी चौराहे तथा नावेल्टी चौराहे से सयाजी गेट तक शेष कार्य जल्द पूरा करने को कहा।

जनता बैंक से सुभाष चौक तक सीसी रोड निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने संबंधित ठेकेदार को सड़क से लूज मटेरियल हटाकर मुरम डालने तथा डीएलसी का कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता बैंक से सुभाष चौक तक सीसी रोड का निर्माण 9 से 10 दिनों में पूरा किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को सड़क की समस्या से राहत मिल सके।

आयुक्त ने जनता बैंक से सयाजी गेट तक डाली जा रही पानी वितरण पाइपलाइन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पाइपलाइन को एक समान लेवल पर और मेन पाइपलाइन से उचित दूरी बनाकर डाला जाए, ताकि भविष्य में पानी के कनेक्शन देने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

जिला शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न

देवास। आगामी दिनों में आजादी के त्योहार 15 अगस्त को उल्लासपूर्वक मनाने और उसके पूर्व 14 अगस्त को तिरंगा यात्रा निकालने को लेकर जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम के नेतृत्व में जिला शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। जिला कार्यालय पर हुई बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। आजादी के पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए उपस्थित कांग्रेस जनों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। जिला शहर कांग्रेस के अध्यक्ष प्रयास गौतम ने कार्यकर्ताओं से तिरंगा यात्रा और आजादी के त्यौहार के मौके पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आह्वान किया। इस मौके पर वरिष्ठ नेता गुरुचरण सिंह सलूजा, प्रदीप चौधरी, शौकत हुसैन, उमेश झंवर, रोशन रायकवार, मनोज हेतावल, इशान राणा, नीरज नागर, रूपेश कल्याणे,दिग्विजय सिंह झाला आदि नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक में कल्याण सिंह पवार, कमल मुकाती, विकास बारोड़, प्रहलाद मिस्त्री, डॉ.गजेन्द्र सिंह तोमर, परवेज शेख, शाहजी हाशमी,डॉ.मंसूर शेख,अविनाश जेठवा, आरिफ मेव,रईस खान डैनी, रितेश सोनी, एम.जहीर शेख, रईस कामदार, वीरेन्द्र परदेसी, प्रथम सिंह पंवार, कमलेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

अधूरे तालाब निर्माण को पूरा कराने दिया आवेदन



सोनकच्छ। मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर में ग्राम पंचायत गढ़खजूरिया ने वर्षों से अधूरे पड़े तालाब निर्माण कार्य को पूर्ण कराने के लिए जिला प्रशासन को आवेदन सौंपा। पंचायत ने बताया कि वर्ष 2001 में जनभागीदारी के माध्यम से तालाब निर्माण कार्य शुरू किया गया था, लेकिन लगभग 60 प्रतिशत कार्य होने के बाद निर्माण अधूरा रह गया। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2018-19 में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा कार्य कराया गया था। इस दौरान तालाब क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके बाद निर्माण कार्य दोबारा शुरू नहीं हो सका। परिणामस्वरूप आज भी तालाब अधूरा पड़ा है और ग्रामीणों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। पंचायत ने आवेदन में बताया कि आईटीसी लिमिटेड द्वारा तालाब निर्माण के लिए आवश्यक अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया की गई है, लेकिन संबंधित विभाग से एनओसी जारी नहीं होने के कारण निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है।

ओंकारेश्वर से भौरासा निकलेगी भव्य कांवड़ यात्रा, 21 वर्षों से जारी है परंपरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



भौरासा से प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी जय बाबा भंवरनाथ कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। पिछले 21 वर्षों से नगर के युवा ओंकारेश्वर से मां नर्मदा का जल कांवड़ में लेकर भौरासा पहुंचते हैं और बाबा भंवरनाथ महाराज व भगवान मनकामेश्वर का मां नर्मदा के जल से अभिषेक करते हैं। कांवड़ यात्रा 12 अगस्त को सुबह 10 बजे भौरासा से ओंकारेश्वर के लिए रवाना होगी। 13 अगस्त की सुबह ओंकारेश्वर में मां नर्मदा का जल भरकर कांवड़ यात्री भौरासा के लिए प्रस्थान करेंगे। यात्रा 17 अगस्त को भौरासा नगर में प्रवेश करेगी। इसके बाद मां नर्मदा के जल से बाबा भंवरनाथ महाराज व भगवान मनकामेश्वर का अभिषेक किया जाएगा। कांवड़ यात्रा के बाद 24 अगस्त को शाम 5 बजे बाबा भंवरनाथ महाराज की शाही सवारी मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होगी। शाही सवारी नगर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण करते हुए वापस बाबा भंवरनाथ मंदिर पहुंचेगी। यहां महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया जाएगा। समिति के सदस्यों ने बताया कि श्री नरसिंहदेव सेवा समिति की ओर से पिछले तीन वर्षों से कांवड़ यात्रा निशुल्क आयोजित की जा रही है। यात्रा में शामिल होने के इच्छुक श्रद्धालु कावड़ यात्रा के सदस्यों से संपर्क कर अपना पंजीयन करा सकते हैं। समिति ने श्रद्धालुओं से कांवड़ यात्रा में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

पदाधिकारियों को सौंपे नियुक्ति प्रमाण-पत्र, 16 अगस्त को नगर में निकलेगी तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारदा



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांटाफोड़ द्वारा संगठन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए ब्लॉक के विभिन्न पदाधिकारियों को उनके दायित्वों से संबंधित नियुक्ति प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने के साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस पार्टी द्वारा 16 अगस्त को तिरंगा बाइक यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। यह यात्रा लोहारदा मंडी से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली जाएगी। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विष्णु मीणा, पूर्व कांग्रेस विधानसभा प्रत्याशी गोपाल भोसले, निर्मल पुरोहित, कांग्रेस नगर अध्यक्ष अंकुश सारंडा, योगेश पटौदी, अभिषेक जोशी, अभिषेक भट्ट सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।पदाधिकारियों ने कहा कि तिरंगा यात्रा देश के राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कार्यक्रम के समापन के बाद कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने साथ बैठकर सामूहिक रूप से भोजन किया।

फांसी का फंदा बताकर छिपाया पत्नी की हत्या का राज

कांटाफोड़ पुलिस ने किया सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़



थाना कांटाफोड़ अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14 स्थित भील टप्पर में सामने आए महिला की मौत के मामले का पुलिस ने महज 48 घंटे में खुलासा कर दिया, जिस घटना को मृतिका के पति ने पत्नी द्वारा साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या करना बताया था, जांच आगे बढ़ने पर वही पति पत्नी की हत्या का आरोपी निकला। पुलिस के अनुसार 4 अगस्त 2026 को दोपहर करीब 2:20 बजे जितेन्द्र भील ने सूचना दी थी कि उसकी पत्नी सुनिता भील उम्र 32 वर्ष ने घर में साड़ी का फंदा बनाकर छत की मियाल की लकड़ी से साड़ी बांधकर फांसी लगा ली है। सूचना पर थाना कांटाफोड़ में मर्ग क्रमांक 30/2026, धारा 194 बीएनएसएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।

मामले की जांच के दौरान मृतिका का पोस्टमार्टम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कांटाफोड़ में कराया गया। शव पंचनामा कार्रवाई के दौरान पुलिस को मृतिका के शरीर पर मारपीट के निशान दिखाई दिए, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हुआ। पुलिस ने तत्काल पीएमकर्ता चिकित्सक को शॉर्ट पीएम रिपोर्ट के लिए तहरीर जारी की। प्राप्त शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में मृतिका की मृत्यु मारपीट से आई चोटों के कारण होना बताया गया, जिसके बाद पुलिस की जांच आत्महत्या के बजाय हत्या की दिशा में आगे बढ़ी। जांच के दौरान मृतिका के परिजनों तथा घटना के समय मौजूद बालिका के कथन भी दर्ज किए गए। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने कथित रूप से पत्नी के साथ मारपीट करने के बाद उसके गले में साड़ी का फंदा बांधा और घर की छत में लगी मियाल की लकड़ी से साड़ी बांधकर उसे लटका दिया। साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मृतिका सुनिता की मौत को हत्या मानते हुए उसके पति जितेन्द्र भील के विरुद्ध थाना कांटाफोड़ में अपराध क्रमांक 287/2026, धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस एसपी पुनित गहलोद के निर्देशन में तत्काल कार्रवाई की गई।

एएसपी ग्रामीण सोम्या जैन एवं एसडीओपी बागली संजय सिंह बैस के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी कांटाफोड़ डीएसपी अभिषेक गौतम के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने लगातार साक्ष्यों को खंगालते हुए आरोपी की तलाश की और घटना के महज 48 घंटे के भीतर आरोपी जितेन्द्र भील को गिरफ्तार कर लिया। हत्याकांड के त्वरित खुलासे में थाना प्रभारी कांटाफोड़ डीएसपी अभिषेक गौतम, उनि राजेश बारेला, उनि बी.एस. भीलाला, प्रधान आरक्षक मोहन सिंह बघेल,ओमप्रकाश पाटीदार, रामबीर सिंह सोलंकी, अशोक शर्मा, आरक्षक संजय सिंह राजावत एवं रेखा बडोले की भूमिका रही।

उप सचिव मंजूषा विक्रांत ने संदीपनी स्कूल का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत शुक्रवार को बागली स्थित संदीपनी शाला का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के लिए भोपाल से लोक शिक्षण संचालनालय की उप सचिव मंजूषा विक्रांत और अमृता सिंह विशेष रूप से पहुंचीं। उनके साथ देवास जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से एपीसी अर्जुन सिंह मालवीय भी मौजूद रहे। उन्होंने शैक्षणिक गुणवत्ता और संसाधनों का जायजा लिया। विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर पढ़ाई, उपस्थिति और उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। शिक्षकों के साथ शैक्षणिक गतिविधियों और परीक्षा परिणामों पर विस्तृत चर्चा भी हुई।

उप सचिव मंजूषा विक्रांत ने शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने और नवाचार अपनाने के निर्देश दिए। एपीसी मालवीय ने बताया कि जन विश्वास अभियान के तहत जिले के सभी स्कूलों में व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर कमियों को दूर किया जा रहा है, जिससे बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सके।

गिन्नौट बाग में पशु मेले का आयोजन, 1000 परिवारों को भैंस पालन से जोड़ने की तैयारी

मिशन दुग्ध शक्ति बदलेगा ग्रामीण महिलाओं की तकदीर, 65 परिवारों को मिली भैंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



बुंदेलखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने और पलायन रोकने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत मिशन दुग्ध शक्ति-ललितपुर की शुरुआत की गई है। जिलाधिकारी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में गिन्नोट बाग में पशु मेले का आयोजन किया गया। मेले में जिले के सात पशु व्यापारियों ने प्रतिभाग किया, जहां विकास खंड जखौरा, मड़ावरा एवं तालबेहट के विभिन्न गांवों से चयनित 65 परिवारों को बैंक वित्त पोषण के माध्यम से बुंदेलखंड की जलवायु के अनुकूल अच्छी नस्ल की 65 भैंसें उपलब्ध कराई गईं।

इस पहल के तहत स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं अपने गांवों में संचालित बलिनी मिल्क कलेक्शन सेंटर पर अपनी भैंसों से उत्पादित दूध का विक्रय करेंगी। इससे ग्रामीण परिवारों को गांव में ही आय का स्थायी साधन उपलब्ध कराने के साथ-साथ महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि भैंस पालन को बढ़ावा देने के लिए जिले में व्यापक स्तर पर योजना तैयार की गई है। इसके तहत 1000 परिवारों को विभिन्न बैंक शाखाओं के माध्यम से ऋण स्वीकृत कराकर भैंस पालन से जोडऩे का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि भैंस पालन और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए हर माह जनपद में पशु मेले का आयोजन किया जाएगा। इन मेलों में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं स्वयं प्रतिभाग कर अपनी पसंद के मवेशी का चयन एवं क्रय कर सकेंगी। सीडीओ ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग पारंपरिक रूप से पशुपालन में दक्ष होते हैं। इस क्षमता को रोजगार और आय के साधन में बदलने की दिशा में मिशन दुग्ध शक्ति महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि पशुपालन एवं दुग्ध विपणन के माध्यम से प्रति परिवार करीब 6 से 8 हजार रुपये प्रतिमाह तक की बचत होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि पशुपालन से परिवार को आर्थिक लाभ के साथ शुद्ध दूध, घी और मावा भी उपलब्ध होगा, जिससे परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य एवं पोषण में सुधार आएगा। इस प्रकार परिवार आर्थिक रूप से मजबूत और स्वस्थ होगा तथा ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलने से पलायन रोकने में भी मदद मिलेगी। बुंदेलखंड क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियां सीमित होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र से रोजगार के लिए होने वाले पलायन को रोकना एक बड़ी चुनौती है। ऐसे में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से पशुपालन और दुग्ध विपणन को बढ़ावा देकर ग्रामीण परिवारों को गांव में ही स्वरोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण मानी जा रही है। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने पशुपालकों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद कर योजना के लाभों और दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने के उपायों की जानकारी भी दी। पशु मेले में उपायुक्त स्वतः रोजगार रमेश कुमार यादव, अग्रणी जिला प्रबंधक हरीश शर्मा, जिला मिशन प्रबंधक विद्यासागर द्विवेदी, ब्लॉक मिशन प्रबंधक राजीव मिश्रा, अभय जैन, सुदामा पटेल, बृजराज नायक, महेश कुशवाह, पवन शर्मा, राजबहादुर सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान के अंतर्गत जागरुक किया

नशे से नहीं, जिंदगी से दोस्ती करें : ब्रह्माकुमारीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा संचालित 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान के तहत शनिवार को नगर के विभिन्न विद्यालयों एवं प्रमुख स्थानों पर नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अभियान के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों और आमजन को तंबाकू, गुटखा, बीड़ी-सिगरेट एवं शराब सहित अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया तथा नशामुक्त समाज निर्माण का संकल्प दिलाया गया। वक्ताओं ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि वह मित्र कैसा मित्र है, जो अपने ही मित्र को तंबाकू, गुटखा या शराब पीने के लिए मजबूर करे। ऐसी दोस्ती किस काम की? उन्होंने कहा कि सच्चा मित्र वही है, जो अपने साथी को गलत आदतों से दूर रखकर स्वस्थ और बेहतर जीवन की ओर प्रेरित करे। अभियान के अंतर्गत रॉयल एकेडमी, मिशन जूनियर हाईस्कूल, उच्च प्राथमिक कंपोजिट विद्यालय तालाबपुरा, सरायपुरा, सिविल लाइन, गोल्डन पब्लिक स्कूल हिंदी मीडियम गोविंद नगर, गिरिराज इंटर कॉलेज महेशपुरा, श्रीराम कॉन्वेंट जूनियर हाई स्कूल रामनगर, पीएमश्री कंपोजिट जीरोंन, आईएसपी जूनियर हाई स्कूल ऐरा, उच्च प्राथमिक विद्यालय जाखलौन, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्रीसेठ शिव प्रसाद जैन उत्तर माध्यमिक विद्यालय जाखलौन तथा बुंदेलखंड इंटर कॉलेज जाखलौन सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। ब्रह्माकुमारीज मेडिकल विंग की ओर से राजयोगिनी बीके चित्ररेखा दीदी के सानिध्य में बीके मायारानी दीदी, बीके किरन दीदी, बीके प्रीती दीदी, प्रियंका दीदी, सुधा बहन, पूजा बहन, राजा भाई, शिवम भाई और अमन भाई ने लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया।

वक्ताओं ने कहा कि परमपिता परमात्मा ने मानव को शरीर रूपी अनमोल गाड़ी प्रदान की है। जिस प्रकार वाहन के इंजन की सुरक्षा के लिए उसमें गलत ईंधन नहीं डाला जाता, उसी प्रकार शरीर में तंबाकू, शराब, बीड़ी-सिगरेट, गुटखा और अन्य नशीले पदार्थ डालकर जीवन रूपी अनमोल गाड़ी को खराब नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानव शरीर अत्यंत मूल्यवान है, लेकिन लोग इसकी कीमत समझने के बजाय नशे की गिरफ्त में आकर अपने स्वास्थ्य और जीवन को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने आह्वान किया कि शरीर रूपी गाड़ी को नशे का कचरा घर नहीं, स्वस्थ जीवन का मंदिर बनाएं।

अभियान के तहत नगर के विभिन्न चौराहों एवं प्रमुख स्थानों पर भी जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए। लोगों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी देते हुए नशा छोडऩे और दूसरों को भी नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया। अभियान के दौरान नशा छोड़ें, जीवन जोड़ें पहले स्वयं प्रतिज्ञा लें, फिर अनेकों को प्रेरित करें का संदेश प्रमुखता से दिया गया। नशामुक्ति केवल किसी एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि परिवार, समाज और प्रत्येक नागरिक के सामूहिक प्रयास से ही संभव है। 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान के माध्यम से स्वस्थ, संस्कारवान और नशामुक्त समाज के निर्माण की दिशा में जागरूकता का यह अभियान आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया गया।

असुरक्षित खाद्य पदार्थ जनता को कर रहे बीमार

ब्रांडेड तेल, बेसन और मैदा के नमूने फेल फिर भी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर नहीं लग रही रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जनता की थाली में क्या परोसा जा रहा है, इसकी जिम्मेदारी संभालने वाला खाद्य सुरक्षा विभाग और उसके उच्च अधिकारियों की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस तरह के मामलों में कानून के तहत भारी जुर्माने का प्रावधान है, उनमें कथित तौर पर महज 5 हजार से 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाकर कार्रवाई क्यों निपटा दी जाती है। अगर यही कार्रवाई का पैमाना है तो मिलावटखोरों में कानून का डर कैसे पैदा होगा?

बाजार में खुला व पैकिंग में मिलने वाला खाने-पीने की सामग्री लोगों की सेहत के लिए सुरक्षित है कि नहीं इसको जांचने की जिम्मेदारी शासन ने खाद्य सुरक्षा विभाग को सौंप रखी है। समय-समय पर विभाग दुकानों से नमूना लेता है और उसकी जांच प्रयोगशाला में भेजी जाती है। इनमें लगभग सभी नमूने फेल ही होते हैं। अब ऐसे में सवाल उठता है कि क्या मिलावटखोरों पर वास्तव में कानून का शिकंजा कसा जा रहा है या फिर कार्रवाई केवल कागजी खानापूर्ति तक सीमित है। गौरतलब है कि जिन मामलों में खाद्य सुरक्षा कानून के तहत पांच से दस लाख रूपए तक कठोर आर्थिक दंड का प्रावधान है, उनमें कथित तौर पर महज 5 हजार से 10 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाकर कार्रवाई पूरी कर दी जाती है। मामला सीधे जनता के स्वास्थ्य और जीवन से जुड़ा है। यदि मिलावटखोरों पर मामूली जुर्माना लगाकर मामला निपटा दिया जाता है और असुरक्षित खाद्य पदार्थों की बिक्री जारी रहती है, तो इससे मिलावटखोरों के हौसले बढऩे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

नमूने फेल, फिर भी बिक्री पर रोक क्यों नहीं?

खाद्य पदार्थ का नमूना जांच में असुरक्षित या मानकों के विपरीत पाए जाने पर उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर सवाल पैदा होता है। यदि असुरक्षित खाद्य सामग्री बाजार में उपलब्ध रहती है तो इसका सीधा असर आम उपभोक्ता की सेहत पर पड़ सकता है। विभागीय कार्रवाई का उद्देश्य केवल नमूना लेना और जुर्माना लगाना नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं को असुरक्षित खाद्य पदार्थों से बचाना भी होना चाहिए।

बड़े ब्रांडों के नमूने फेल होने पर जिम्मेदारी किसकी?

सबसे गंभीर स्थिति ब्रांडेड पैकिंग वाले खाद्य पदार्थों को लेकर सामने आ रही है। मिलावटखोरी का सबसे बड़ा नुकसान उस आम आदमी को उठाना पड़ता है जो बाजार से पैकिंग देखकर भरोसे के साथ सामान खरीदता है। तेल, बेसन, मैदा समेत अन्य खाद्य वस्तुओं के नमूने जांच में फेल होने की बात सामने आने के बावजूद संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और बाजार से असुरक्षित खाद्य सामग्री हटाने को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

इनका कहना है

समाचार के संदर्भ में अपर जिलाधिकारी से फोन पर बार्ता करने के लिये कई बार सम्पर्क किया गया, लेकिन उनसे बात नही हो सकी।

दिनेश कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)

घंटाघर से सावरकर चौक तक फुटपाथ और सड़क पटरी पर कब्जा

अतिक्रमण की चपेट में पुलिस बूथ, हाथ ठेले फैले

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



शहर के प्रमुख वीर सावरकर चौराहा (शनिचरा चौराहा) इन दिनों अवैध अतिक्रमण की चपेट में है। चौराहे के आसपास सड़क पटरी, फुटपाथ और मुख्य सड़क तक हाथ ठेले व सब्जी विक्रेताओं ने जगह घेर रखी है।

इसके चलते घंटाघर से सावरकर चौक तक दिनभर यातायात प्रभावित रहता है और वाहन चालकों के साथ पैदल राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चौराहे के चारों ओर बड़ी संख्या में हाथ ठेले और सब्जी की दुकानें लगने से सड़क का काफी हिस्सा घिर जाता है। फुटपाथ के साथ-साथ राहगीरों के पैदल चलने के लिए बनाई गई सफेद पट्टी के आगे तक ठेले खड़े किए जा रहे हैं। ऐसे में पैदल चलने वालों को मुख्य सड़क पर उतरकर आवागमन करना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, करीब एक दशक से अधिक समय पहले तत्कालीन पुलिस अधीक्षक किरण एस. द्वारा 12 नवम्बर 2014 को शहर के प्रमुख चौराहों पर पुलिसकर्मियों को धूप, गर्मी, सर्दी और बारिश से बचाने के लिए पुलिस बूथ रखवाए गए थे। इसी क्रम में सावरकर चौक पर भी पुलिस बूथ स्थापित किया गया था। हालांकि समय के साथ पुलिस बूथ का नियमित उपयोग नहीं हो सका। अब स्थिति यह है कि बूथ के आसपास भी सब्जी विक्रेताओं और हाथ ठेला संचालकों ने अपना कब्जा जमा लिया है। बूथ के चारों ओर दुकानें लगने के साथ ही फुटपाथ से आगे मुख्य सड़क की ओर तक ठेले खड़े दिखाई देते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि चौराहे के आसपास जगह सीमित होने और ठेले व दुकानों के लगातार बढऩे से आए दिन जाम की स्थिति बनती है। जगह घेरने को लेकर दुकानदारों और ठेला संचालकों के बीच विवाद की स्थिति भी पैदा होती रहती है। इसका सीधा असर आसपास के व्यापारियों पर भी पड़ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि अतिक्रमण के कारण ग्राहकों को दुकानों तक पहुंचने में परेशानी होती है। वहीं, सड़क संकरी होने से वाहन चालकों को भी बार-बार जाम और अव्यवस्था का सामना करना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने नगर पालिका परिषद से सड़क पटरी और फुटपाथ पर किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।

लोगों का कहना है कि अतिक्रमण हटाकर फुटपाथ को राहगीरों के लिए खाली कराया जाए और हाथ ठेलों के लिए निर्धारित स्थान तय किया जाए, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु रह सके। लोगों ने कहा कि यदि नियमित रूप से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए और दोबारा कब्जा करने वालों पर सख्ती की जाए तो सावरकर चौक से घंटाघर तक यातायात व्यवस्था बेहतर होने के साथ-साथ शहर के प्रमुख चौराहे की सुंदरता भी कायम रह सकती है।

डीएम-एसपी ने किया जखौरा थाने का निरीक्षण

शिष्ट व्यवहार व शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

ललितपुर। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने थाना जखौरा का आकस्मिक निरीक्षण कर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कानून-व्यवस्था और जनशिकायतों के प्रभावी निस्तारण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने थाना परिसर, कार्यालय, मिशन शक्ति केंद्र, साइबर हेल्प डेस्क और मेस सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय में साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण एवं उनके अद्यतन रख-रखाव की स्थिति देखी गई। थाना परिसर में प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता, आगंतुकों तथा पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का भी निरीक्षण किया गया।



अधिकारियों ने थाना परिसर में नियमित साफ-सफाई, हरित वातावरण और अभिलेखों के अद्यतन रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मिशन शक्ति केंद्र के निरीक्षण के दौरान शिकायतों से संबंधित रजिस्टरों और उनके निस्तारण की स्थिति की समीक्षा की गई। रजिस्टरों में सभी आवश्यक प्रविष्टियां अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने महिला संबंधी अपराधों की सूचना मिलने पर पुलिस टीम को तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। साइबर हेल्प डेस्क के अभिलेखों और रजिस्टरों का निरीक्षण करते हुए उन्हें व्यवस्थित एवं अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए। इस दौरान हेल्प डेस्क पर तैनात पुलिसकर्मियों एवं प्रभारी निरीक्षक से साइबर अपराधों की विवेचना, शिकायतों के निस्तारण तथा संबंधित ऑनलाइन पोर्टलों के संचालन और उपयोग की जानकारी भी ली गई। डीएम और एसपी ने प्रभारी निरीक्षक एवं समस्त पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि थाने में आने वाले प्रत्येक फरियादी और आगंतुक के साथ शिष्ट एवं सम्मानजनक व्यवहार किया जाए। सीयूजी फोन को सदैव क्रियाशील रखने तथा प्राप्त होने वाली कॉल का समयबद्ध जवाब देने के निर्देश दिए।

कांवड़ यात्रा 16 को श्रीजगदीश मंदिर से नीलकंठेश्वर धाम पाली पहुंचेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



पक्षी सेवा के बाद अब पवित्र कांवड़ यात्रा

पक्षियों की सेवा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में लगातार सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्य करने वाले तखत ग्रुप द्वारा अब भगवान भोलेनाथ की भक्ति और सेवा भाव को समर्पित पवित्र कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी।

आगामी 16 अगस्त, रविवार को तखत ग्रुप के सदस्य ढोल-नगाड़ों और भक्तिमय माहौल के बीच पवित्र कांवड़ लेकर पाली स्थित प्राचीन एवं प्रसिद्ध नीलकंठेश्वर भगवान के दरबार में पहुंचेंगे। यहां भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक एवं विधि-विधान से पूजन किया जाएगा। कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर तखत ग्रुप के सदस्यों की बैठक आयोजित हुई, जिसमें यात्रा के सफल एवं व्यवस्थित आयोजन को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। तय कार्यक्रम के अनुसार 16 अगस्त को सुबह 6 बजे घंटाघर स्थित श्री जगदीश मंदिर प्रांगण से कांवड़ यात्रा का शुभारंभ होगा। श्रद्धालु पवित्र कांवड़ लेकर मुख्य मार्ग से होते हुए घटवार तिराहा, बछलापुर के रास्ते पाली पहुंचेंगे। पाली पहुंचने के बाद कांवड़ यात्री प्राचीन नीलकंठेश्वर मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना करेंगे। तखत ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ-साथ समाज में सेवा, सद्भाव और सनातन संस्कृति के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। गौरतलब है कि तखत ग्रुप द्वारा भीषण गर्मी के दौरान बेजुबान पक्षियों के संरक्षण के लिए प्रतिवर्ष जलपात्र वितरण अभियान चलाया जाता है। गर्मी के मौसम में शहर के विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के लिए जलपात्र उपलब्ध कराने की इस पहल को लोगों की ओर से सराहना मिलती रही है। सेवा कार्यों के बाद अब ग्रुप द्वारा धार्मिक आस्था से जुड़ी कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। कांवड़ यात्रा को लेकर आयोजित बैठक में राजेश जोझिया, मज्जू सोनी, हृदेश हुण्डैत, आशीष चौबे, विद्याकांत मालवीय, सुदामा मिश्रा, रितेश बबेले रिंकू, मकरंद किलेदार विक्की, अभय पारौल, रमेश खटीक, मनोज शर्मा, राजीव चौबे, राजेश दुबे, अशोक अनौरा, अशोक पंथ, अंतु पारौल, मनीष सिंघई मिन्टू, अजय जैन अज्जू, मनीष फोटो, अफजुल रहमान, मनीष पटाखा, राजीव शर्मा, सत्येन्द्र प्रताप सिंह, सीमू समैया, रामकोटी तिवारी, गौरव जैन, मनोहर दाऊ, सुमेर जैन, विजय शर्मा कुक्कन, सिल्लू तिवारी, ब्रजेश लाला, ब्रजेश जैन बलची, आशीष हुण्डैत, मनीष अरोरा, राहुल मोदी, शिवाकांत त्रिपाठी, नीलेश तिवारी, अमित लखेरा सहित बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

स्वतंत्रता दिवस पर 3 दिवस तिरंगा रोशनी से जगमगाएंगे सरकारी भवन

महापुरुषों की प्रतिमाओं पर करेंगे माल्यार्पण, निकालेंगे तिरंगा यात्राएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाये जाने के हेतु सभी विभागाध्यक्षों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की गई और अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए कार्यक्रम को भव्यता व गरिमापूर्ण ढंग से आयोजित कराने के निर्देश दिये गए।

मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि वह शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित देश के शहीदों, महापुरुषों, स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं के आसपास साफ-सफाई, प्रकाश आदि की व्यवस्था कराकर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में माल्यार्पण करायेंगे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के दिन जनपद में निर्बाध विद्युत आपूर्ति पेयजल आपूर्ति सहित सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रहें, शहर एवं ग्रामों में विशेष सफाई अभियान चलाये जायें, अमृत सरोवरों पर ग्राम के अमर शहीदों व महापुरुषों के नाम पर पौधरोपण अभियान चलायें। इसके साथ ही तिरंगा यात्राओं का आयोजन भी कराया जाए और राष्ट्रीय ध्वज का सम्पूर्ण सम्मान सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में कार्यक्रम की रुपरेखा के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया कि दिनांक 13 से 15 अगस्त को समस्त सरकारी भवनों, इमारतों, स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े एतिहासिक स्मारकों को रात्रि में प्रकाशमान किया जाएगा। दिनांक 15 अगस्त को प्रातः महापुरुषों- महात्मा गांधी, चन्द्रशेखर आजाद एवं घण्टाघर के पास लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल, वीर सावरकर, बृजनन्दन किलेदार (स्वतंत्रता संग्राम सेनानी), डॉ भीमराव अम्बेडकर, कर्पूरी ठाकुर, अवंतीबाई, महारानी लक्ष्मीबाई, पं परमानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। सरकारी तथा गैरसरकारी कार्यालयों एवं संस्थाओं में ध्वारोहण के साथ ही राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन किया जाएगा। समस्त शिक्षण संस्थाओं में झण्डारोहण, झण्डा अभिवादन के साथ ही राष्ट्रगान जन-गण-मन का सामूहिक गायन किया जाएगा। जिला कारागार, राजकीय किशोर गृह दैलवारा, राजकीय सम्प्रेक्षण बाल गृह सिद्धनपुरा एवं मदर टेरेसा आश्रम पनारी में फल वितरण किया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व दिनेश कुमार मौजूद रहे।

एसपी संजीव कुमार बाजपेई ने की मासिक अपराध समीक्षा

कांवड़ यात्रा को लेकर अलर्ट, ड्रोन से होगी निगरानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने रिजर्व पुलिस लाइन्स में सैनिक सम्मेलन एवं जुलाई माह की मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित कर जनपद की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आगामी श्रावण मास, कांवड़ यात्रा एवं अन्य त्योहारों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। सैनिक सम्मेलन के दौरान एसपी ने पुलिसकर्मियों की पारिवारिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद आयोजित अपराध समीक्षा बैठक में सर्किल एवं थाना स्तर पर अपराधों, पुलिस कार्रवाई और लंबित प्रकरणों की बिंदुवार समीक्षा की गई। एसपी ने आगामी श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा, यातायात और कानून-व्यवस्था की सभी व्यवस्थाएं प्रभावी रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने तथा आवश्यकता के अनुसार ड्रोन कैमरों से निगरानी कराने के निर्देश भी दिए गए। आईजीआरएस एवं जनशिकायतों की सर्किल और थाना स्तर पर समीक्षा करते हुए लंबित मामलों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने तथा शिकायतकर्ताओं से शत-प्रतिशत फीडबैक लेने को कहा गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर पारदर्शी एवं संतोषजनक कार्रवाई करने तथा शिकायतकर्ताओं के साथ संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार करने के निर्देश दिए गए। साइबर अपराधों की समीक्षा करते हुए एसपी ने साइबर ठगी, ऑनलाइन धोखाधड़ी एवं अन्य साइबर अपराधों से बचाव के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।। इबर अपराध होने पर तत्काल 1930 हेल्पलाइन अथवा एनसीसीआरपी पोर्टल पर शिकायत करें।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान-2026 के तहत पचोर में उद्यम संवाद आयोजित

मंत्री टेटवाल ने अधिकारियों को दिए समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर/पचोर



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान-2026 के अंतर्गत गुरुवार को पचोर मंडी प्रांगण में उद्यम संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने सहभागिता कर जनकल्याणकारी योजनाओं, सुशासन, ग्रामीण विकास एवं आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास एवं जनहित के कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं तथा कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं से वंचित न रहे। इस दौरान मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का उद्देश्य शासन और जनता के बीच विश्वास को और अधिक मजबूत बनाना है। यह अभियान पारदर्शी, जवाबदेह एवं संवेदनशील प्रशासन के साथ त्वरित समस्या समाधान की भावना को लेकर संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुंचे और नागरिकों को बिना किसी परेशानी के शासकीय सुविधाओं का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि जन विश्वास अभियान केवल प्रशासनिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता के प्रति सरकार की जवाबदेही और सेवा भाव का सशक्त माध्यम है। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए तथा विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता से किसी प्रकार का समझौता न हो। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सहित सभी विकास कार्यों की नियमित निगरानी कर उन्हें समयबद्ध रूप से पूर्ण कराया जाए।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की गई। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर शिविर एवं जनसंपर्क गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। मंत्री ने निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखते हुए प्रत्येक पात्र परिवार तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मंत्री ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। कार्यक्रम में राजगढ़ कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इच्छित गढ़पाले सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नीलम सक्सेना, जनपद अध्यक्ष देव नागर, नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने कहा कि जनता का विश्वास ही सरकार की सबसे बड़ी शक्ति है। सेवा, सुशासन और विकास के संकल्प के साथ प्रदेश सरकार प्रत्येक नागरिक के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से जन विश्वास अभियान को जन-जन तक पहुंचाने तथा प्रत्येक पात्र हितग्राही तक शासन की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

मंत्री टेटवाल ने छात्राओं को पढ़ाया व दिए गुणवत्ता सुधार के निर्देश



सारंगपुर। मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने शुक्रवार को सारंगपुर स्थित महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या विद्यालय एवं बालिका छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय परिसर तथा समीप चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंत्री कक्षाओं में पहुंचे और छात्राओं से पढ़ाई, भविष्य की योजनाओं तथा विद्यालय की सुविधाओं पर चर्चा की। उन्होंने ब्लैकबोर्ड पर स्वयं पढ़ाकर छात्राओं का मार्गदर्शन किया और मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बेटियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाती है। इसके बाद मंत्री ने बालिका छात्रावास का निरीक्षण कर स्वच्छता, सुरक्षा, भोजन, पेयजल एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा सीसीटीवी८ व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। रसोई में रोटी बनाने की मशीन बंद मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए उसे तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्राओं के भोजन और सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, मोहन लववंशी, प्राचार्य दिनेश गुप्ता, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्रावास स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

फूल माली समाज की कांवड़ यात्रा

पैदल उज्जैन रवाना, मां कालीसिंध के जल से महाकाल का करेंगे जलाभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

सावन माह के पावन अवसर पर नगर के फूलमाली समाज, मोहल्ला खारिया के 40 से अधिक युवाओं का पैदल कांवड़ यात्रा जत्था शुक्रवार को उज्जैन स्थित बाबा महाकाल के दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए रवाना हुआ। कांवड़ यात्री मां कालीसिंध का 111 लीटर पवित्र जल लेकर बाबा महाकाल का जलाभिषेक करेंगे।

यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व बाबा कपिलेश्वर महादेव मंदिर में पंडित संतोष पुरी एवं पंडित मनोज शर्मा ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक कराया। इसके बाद ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर श्रद्धालुओं का उत्साहपूर्ण जत्था उज्जैन के लिए रवाना हुआ। यात्रा में पंकज पुष्पद, श्याम पुष्पद, गोपाल पुष्पद, वरुण पुष्पद, लोकेश पुष्पद सहित 40 से अधिक युवा शामिल रहे। कांवड़ यात्रा बाबा कपिलेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर खेड़ापति हनुमान मंदिर, पुराना बस स्टैंड, नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर, ए.बी. रोड, नया बस स्टैंड, महाराणा प्रताप चौराहा, भेरू दरवाजा रोड, जोशी दवाखाना, टेंशन चौराहा, मुखर्जी चौक, महाकाल चौराहा, गांधी चौक एवं कीड़ी रोड होते हुए बायपास मार्ग से उज्जैन के लिए रवाना हुई। यात्रा के दौरान महादेव मित्र मंडल, सार्वजनिक हिंदू उत्सव समिति, सकल जैन समाज, सकल पंच फूलमाली समाज सहित विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर कांवड़ यात्रियों का स्वागत किया। श्रद्धालुओं को जलपान कराया गया तथा साफा बांधकर सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर सार्वजनिक हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ. ध्रुव भल्ला, महादेव मित्र मंडल के अध्यक्ष ओम पुष्पद, फूलमाली समाज अध्यक्ष शिवनारायण पुष्पद जगदीश पुष्पद, कैलाश वर्मा, मनोज पुष्पद, समंदर सिंह बैस, जितेंद्र सोलंकी, संतोष प्रजापति, कमल पुष्पद, सतीश राठौर, रामेश्वर पुष्पद सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

नगर परिषद के द्वारा निर्मित स्पीड ब्रेकर पर उठे सवाल

एक हफ्ते में ही चकनाचूर हुए स्पीड ब्रेकर बेवजह रुपए की बर्बादी करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर





नगर परिषद जीरापुर द्वारा विजया कान्वेंट स्कूल रोड, बाबा गार्डन एवं गोकुल धाम कालोनी के सामने बनाए गए स्पीड ब्रेकर अपनी गुणवत्ता की पोल खुद खोल गये हैं। जानकारी के मुताबिक निर्माण के महज एक सप्ताह में ही यह ब्रेकर टूटकर चकनाचूर हो गए हैं।

स्कूल क्षेत्र होने के कारण बच्चों की सुरक्षा के लिए स्पीड ब्रेकर बनाए गए थे, जो एक सराहनीय कदम था, लेकिन निर्माण में इतनी लापरवाही बरती गई कि एक सप्ताह भी नहीं टिक पाए यह स्पीड ब्रेकर। नगर परिषद इस तरह जनता की गाढ़ी कमाई के पैसे को बर्बाद कर रही है। इस पूरे मामले में जब नगर परिषद के उपयंत्री ब्रजेश उपाध्याय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ब्रेकर बनाने के तुरंत बाद ऊपर से भारी वाहन निकलने के कारण ब्रेकर टूट गए हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही वहां फाइबर के मजबूत स्पीड ब्रेकर लगाए जाएंगे। वहीं नागरिकों का सवाल है कि क्या निर्माण के दौरान गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया और अगर भारी वाहनों का निकलना ही कारण था तो पहले से मजबूत ब्रेकर क्यों नहीं बनाए गए अब देखना होगा कि नगर परिषद कब तक इस तरह जनता के पैसे की बर्बादी करती रहेगी और कब तक यहां नए ब्रेकर लगाए जाएंगे।

बिना परमिशन बना लिया तीन से चार मंजिला मकान, ताक पर रखे सभी नियम कायदे

स्टेट हाईवे के किनारे बिना अनुमति तान दी बिल्डिंग, नप नोटिस थमाकर रुकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर



नगर में बिना अनुमति बेसमेंट और तीन से चार मंजिला इमारतें शासन के नियम निर्देशों को ताक में रखकर बनाई जा रही हैं। संबंधित विभाग बिना अनुमति निर्माण पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है इससे बिना अनुमति निर्माण को लगातार बढ़ावा मिल रहा है। ज्यादातर व्यावसायिक और आवासीय भवन ऐसे बन रहे हैं जिनके मकान मालिकों के पास नगर परिषद और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की अनुमति नहीं है। इसके बाद भी बेसमेंट से लेकर तीन से चार मंजिल तक निर्माण किया जा रहा है।

वहीं नगर के स्टेट हाईवे से दूरी का पालन करते हुवे पर तीन से चार मंजिल की बिल्डिंग निर्माणधीन बनी हुई हैं। स्थिति यह है कि इन बहुमंजिला इमारतों में सुरक्षा के उपाय भी नहीं हैं। बिना अनुमति बन रहे भवनों पर नगर विभाग भी कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। ओर नोटिस जारी कर अपनी औपचारिकता पूरी कर रहा है। जबकि पास में पानी का बड़ा कच्चा नाला निकल रह है । उसके इतने पास बहु मंजिला बिल्डिंग का निर्माण कराना भी सुरक्षा की दृष्टि भी सही नही है। पर नगर परिषद द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। शायद यही कारण है जिसकी वजह से अधिकांश लोग निर्माण अनुमति के लिए आवेदन देने ही नहीं आते है। इस साल जनवरी से लेकर अब सिर्फ दस लोगो ने निर्माण स्वीकृति ली जबकि नगर में एक सैकड़ा से अधिक निर्माण हो चुके है और कुछ आज भी बिना रोक टोक के चल रहे हैं। जिसके कारण वित्तीय कंगाली से जूझ रहीं नगर परिषद को भारी राजस्व का नुकसान हो रहा है यदि कुछ को नगर परिषद और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की अनुमति मिली भी है तो भवन मालिक नियम कानून को ताक में रखकर अपनी मनमर्जी से निर्माण शुरू कराते हैं। मालूम हो कि नगर परिषद क्षेत्र में तीन मंजिल से अधिक ऊंचाई के भवन निर्माण की अनुमति नहीं देती लेकिन नगर में ऐसी कई बिल्डिंग हैं जो बिना अनुमति के तीन चार मंजिल बनी हुई है। साथ ही कुछ स्थानों पर इतनी ही मंजिल भवनों का निर्माण हो रहा है। खास बात यह है कि नगर में व्यापक स्तर पर हो रहे अवैध निर्माण पर भी अधिकारियों की नजर नही है। रेसीडेंसी कालोनी में भी व्यवसायिक निर्माण कर उसमे व्यवसायिक कार्य भी संचालित हो रहे हैं जिन पर जिम्मेदारों द्वारा ध्यान न दिया जाना समझ से परे है।

12 मीटर से अधिक निर्माण के लिए लेना होती है अनुमति

नगर में 12 मीटर से अधिक ऊंची बिल्डिंग के निर्माण के लिए भवन मालिक को निर्माण के लिए टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से एनओसी और अनुमति लेना होती है। इससे कम ऊंचाई के भवन के लिए नगर परिषद से अनुमति लेते हुए भवन नक्श अनुमोदित करना होता है शहर में शेष भवन बिना अनुमति के ही बने हैं। वहीं नगर स्टेट हाईवे पर स्थित तीन मंजिला भवन ऐसे हैं जो बिना नगर परिषद की अनुमति व टाउन कंट्री की एनओसी के बिना बने हुए हैं। विभाग का कहना है की अधिकतम 12 मीटर ऊंचाई तक निर्माण की स्वीकृति मिलती है। व्यापारिक भवनों के निर्माण की अनुमति शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा दी जाती है लेकिन वर्तमान के दौर में क्षेत्र अंतर्गत जितने भी भवन बन रहे हैं उनमें अधिकांश भवनों में बेसमेंट और 3 से 4मंजिल तक निर्माण हो रहा है। हालत यह है कि 1 भवन को 4 मंजिल बनता है पड़ोसी भी अपने भवन पर नई मंजिल का निर्माण शुरू कर देता है संबंधित विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

ज़िम्मेदार कहते हैं

मेरी जानकारी में नहीं है कहां कहां बिना निर्माण स्वीकृति के काम चल रहा है। हम संबंधित को नोटिस दे कर करवाई करेंगे!

देवेंद्र वत्स मुख्य नगर परिषद अधिकारी माचलपुर

लाखों खर्च, मरीज और परिजन सीढ़ियां चढ़ने मजबूर

मेंटेनेंस के नाम पर 12 लाख से अधिक वसूल रही कंपनी, जिला अस्पताल की ज्यादातर लिफ्ट बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विदिशा के जिला अस्पताल को भले ही अव्वल दर्जे की व्यवस्थाओं के लिए पुरस्कार मिल रहे हों, लेकिन हकीकत कुछ और है। अधिकारियों और टीम के निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं चाक चौबंद कर पुरस्कार प्राप्त कर लिए जाते हैं, इसके बाद वही पुराना ढर्रा शुरू हो जाता है। अब मामला है 4 मंजिला जिला अस्पताल में लगी लिफ्ट का है। जिनके मेंटेनेंस के लिए अस्पताल प्रबंधन हर साल करीब 12 लाख रुपए से अधिक खर्च कर रहा है, लेकिन अधिकांश लिफ्ट बंद पड़ी रहती हैं।

मनमानी

सराना में 37.50 लाख से बने अत्याधुनिक पंचायत भवन का लोकार्पण, ग्रामीणों को मिलेंगी सुविधाएं

नरसिंहगढ़। ग्राम पंचायत सराना में शुक्रवार को 37 लाख 50 हजार रुपये की लागत से निर्मित नवीन पंचायत भवन का लोकार्पण विधायक मोहन शर्मा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पंचायत भवन केवल प्रशासनिक गतिविधियों का केंद्र नहीं होगा, बल्कि ग्राम विकास और जनसुविधाओं को नई गति देने का माध्यम भी बनेगा। विधायक शर्मा ने बताया कि नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 25 नए पंचायत भवनों के निर्माण को स्वीकृति मिली है। इनमें पालखेड़ी के बाद सराना पंचायत भवन का लोकार्पण किया गया है। सभी भवन 37.50 लाख रुपये की लागत से तैयार किए जा रहे हैं तथा इन्हें आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित पूर्णतः डिजिटल स्वरूप दिया जा रहा है। पंचायत भवनों में वाई-फाई सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिससे पंचायत कार्यों का डिजिटल संचालन और अधिक सुगम होगा। नवनिर्मित पंचायत भवन को सर्वसुविधायुक्त एवं कवर कैंपस में विकसित किया गया है।

भवन में सरपंच, सचिव और पंचायत सहायक के लिए अलग-अलग कार्यालय कक्ष बनाए गए हैं, जबकि ग्राम सभा एवं अन्य सामुदायिक बैठकों के लिए बड़ा हॉल बनाया गया है। भवन का निर्माण भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जी+2 क्षमता के अनुरूप किया गया है। कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार कर पंचायतों को सशक्त बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। आधुनिक पंचायत भवनों से ग्रामीणों को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं मिलने के साथ ही विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में भी तेजी आएगी। लोकार्पण समारोह में जनपद पंचायत सीईओ प्रबल अरजरिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह राठौर, भाजपा नेता शिव वैध, रमेश मालवीय, सरपंच मनोज कलावत सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

दुष्कर्म प्रकरण दर्ज पर महिला के पति ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

नरसिंहगढ़। गत दिवस बगुची निवासी 42 वर्षीय महिला की शिकायत पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म एवं एससी-एसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया । इस घटना की शिकायत दर्ज होने के कुछ ही समय बाद ही महिला के 45 वर्षीय पति की कथित रूप से जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत हो गई। ऐसे में पुलिस दोनों मामलों की अलग-अलग एंगल से जांच में जुटी हुई है। फिलहाल परिजनों के आक्रोश के बीच पुलिस ने मृत व्यक्ति का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया । जानकरी के अनुसार गत दिवस महिला ने शिकायत में आरोप लगाया था कि मई से जुलाई 2026 के बीच आरोपी योगेश जोशी ने बच्चों को जान से मारने तथा आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी देकर कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इधर महिला के पति के सुसाइड मामले में भी पुलिस ने सभी तथ्यों की बारीकी से जांच कर कार्यवाही की बात कही है। पुलिस का कहना है कि मौत के वास्तविक कारण का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं एफएसएल जांच के बाद होगा।

मुनि प्रवर सागर महाराज के सान्निध्य में मंगल कलश स्थापना संपन्न

जहां संतों का सान्निध्य होता, वहां धर्म, सद्भावना का वातावरण होता है: मुनि श्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



सकल दिगंबर जैन समाज, चातुर्मास समिति एवं सकल दिगंबर जैन समाज सारंगपुर के तत्वावधान में गुरुवार को स्थानीय परिसर में आचार्य श्री 108 विनिश्चय सागर महाराज के मुनि श्री 108 प्रवर सागर महाराज एवं छुल्लक क्षेमंकर नंदी ससंघ के पावन वर्षायोग (चातुर्मास) के उपलक्ष्य में भव्य मंगल कलश स्थापना समारोह आयोजित किया गया। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत इस आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजन एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ बालिका मंडल द्वारा मंगलाचरण से हुआ। इसके पश्चात आचार्य विशुद्ध सागर,आचार्य विराग सागर एवं आचार्य विनिश्चय सागर के चित्रों का दीप प्रज्वलन एवं अनावरण राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, सकल जैन समाज अध्यक्ष नरेन्द्र जैन, महेश पुष्पद एवं गोपाल वैद्य ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर पूर्व सकल जैन समाज अध्यक्ष निर्मल जैन, महावीर अतिशय क्षेत्र बड़ा मंदिर अध्यक्ष निर्मल जैन, सुधीर श्रीमाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष भावना नीलेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

चातुर्मास धर्म, साधना और आत्मकल्याण का सर्वोत्तम

समारोह को संबोधित करते हुए मुनि श्री 108 प्रवर सागर महाराज ने कहा कि चातुर्मास धर्म, साधना, स्वाध्याय और आत्मकल्याण का सर्वोत्तम समय होता है। इस अवधि में धर्म की प्रभावना विशेष रूप से प्रवाहित होती है तथा श्रद्धालुओं को धर्म के अधिक निकट आने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि जहां संतों का सान्निध्य होता है, वहां धर्म, संस्कार और सद्भावना का वातावरण स्वतः निर्मित हो जाता है। मुनि श्री ने कहा कि सारंगपुर की भूमि अत्यंत पुण्यशाली है। यहां मूलनायक भगवान कमलासन पर विराजमान हुए, तभी से इस क्षेत्र में धर्म की प्रभावना निरंतर बढ़ती रही है। यह केवल संयोग नहीं, बल्कि समाज की श्रद्धा, भक्ति और पूर्व संचित पुण्यों का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि सारंगपुर दिगंबर जैन समाज के सामूहिक पुण्य का ही परिणाम है कि यहां पहली बार चातुर्मास का पावन अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सारंगपुर का यह प्रथम चातुर्मास भविष्य में नई धार्मिक परंपरा की शुरुआत बनेगा। आने वाले वर्षों में यहां नियमित रूप से चातुर्मास आयोजित होंगे और यह नगर साधना, स्वाध्याय, संयम एवं आध्यात्मिक जागरण का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।

बिजनेस साइट

अनिश्चित बाज़ार में लचीलेपन का महत्व ऐसे समझें

रतलाम। कोई भी कप्तान शांत समुद्र की उम्मीद करके यात्रा शुरू नहीं करता । तूफ़ान बिना चेतावनी के आते हैं; हवाएं दिशा बदलती हैं और सबसे अनुभवी नाविक भी यह अंदाजा नहीं लगा सकता कि क्षितिज के पार क्या है। मौसम को नियंत्रित करने की कोशिश करने के बजाय, एक अच्छा कप्तान पाल को एडजस्ट करता है, जरूरत पड़ने पर रास्ता बदलता है और यात्रा को सही रास्ते पर रखता है।

निवेश भी कुछ इसी तरह काम करता है।

बाज़ार ऐसी घटनाओं से प्रभावित होते हैं जिनका कोई निवेशक पहले से अंदाज़ा नहीं लगा सकता। महंगाई अचानक बढ़ जाती है, ब्याज दरें बदल जाती हैं, भू-राजनीतिक तनाव बढ़ जाते हैं और इकोनॉमिक साइकिल बदलते रहते हैं। जो रणनीति बाज़ार के एक चरण में अच्छा काम करती है, हो सकता है कि वह अगले चरण में वैसा काम न करे। हर उतार-चढ़ाव का अंदाज़ा लगाना मुश्किल है। बदलाव के लिए तैयार रहना अक्सर ज़्यादा समझदारी भरा तरीका होता है।

फ्लेक्सीकैप निवेश के पीछे यही सोच है। अन्य इक्विटी रणनीतियों के विपरीत, जो बाज़ार कैप सेगमेंट में निश्चित आवंटन बनाए रखती हैं, फ्लेक्सीकैप फंड में बाज़ार की स्थितियों और वैल्यूएशन के बदलने के साथ लार्ज कैप, मिड कैप या स्मॉल कैप कंपनियों में निवेश को बिना किसी न्यूनतम या अधिकतम सीमा के आसानी से बढ़ाने या घटाने का लचीलापन होता है।

उदाहरण के लिए, जब बाज़ार महंगे लगते हैं या अनिश्चितता बढ़ती है, तो फ्लेक्सीकैप रणनीति अपेक्षाकृत स्थिर लार्ज कैप कंपनियों में निवेश बढ़ा सकती है। इसके विपरीत, जब मिड कैप या स्मॉल- कैप स्पेस में वैल्यूएशन ज़्यादा आकर्षक हो जाते हैं, तो इसमें धीरे-धीरे वहां निवेश बढ़ाने का लचीलापन होता है। निश्चित आवंटन से बंधे रहने के बजाय खुद को ढालने की यह क्षमता ही फ्लेक्सीकैप निवेश को अलग बनाती है। आखिरकार, बाज़ार शायद ही कभी साल-दर-साल एक ही सेगमेंट को फायदा पहुंचाते हैं। ज़्यादा अनिश्चितता के दौर में लार्ज कैप कंपनियों को फायदा हो सकता है, जबकि आर्थिक सुधार और बेहतर होते बिज़नेस सेंटीमेंट के दौर में मिड कैप और स्मॉल कैप व्यवसायों में अवसर पैदा हो सकते हैं।



साईंकाश
वेल्थ प्राइवेट लिमिटेड, रतलाम

चूंकि इन बदलावों का अंदाज़ा लगाना मुश्किल है, इसलिए स्थितियों के बदलने के साथ पोर्टफोलियो को फिर से एडजस्ट करने की क्षमता एक मूल्यवान फायदा हो सकती है। बार-बार आवंटन के फैसले खुद लेने के बजाय, निवेशक निर्वेशित रह सकते हैं जबकि पोर्टफोलियो बदलती बाज़ार स्थितियों के अनुसार खुद को ढालता रहता है।

समुद्र की तरह, बाज़ार भी उनका साथ देते हैं जो लचीलेपन के साथ आगे बढ़ते हैं।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फ्लेक्सीकैप फंड इस रणनीति को असल में दिखाता है। यह वैल्यूएशन गैप, लिक्विडिटी की स्थिति और कमाई की संभावनाओं के बदलने के साथ लार्ज, मिड और स्मॉल कैप शेयरों में अपने निवेश को गतिशील रूप से रीबैलेंस करता है। 30 जून 2026 तक, इस स्कीम ने एक साल में 5.09%, तीन साल में 15.39% और शुरू होने के समय (जुलाई 2021) से 14.55% का सीएजीआर दिया।